दैनिक
प्रातः कालीन
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 297 मुरादाबाद, 24 February 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राज्यपाल ने छात्राओं की मेहनत को सराहा, छात्रों को संस्कारवान बनाने पर जोर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में कुल 66 मेधावियों को गोल्ड मेडल दिया गया। इसमें 41 छात्राएं शामिल हैं। राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की तेजी से बढ रही भागीदारी की सराहना की वहीं दूसरी तरफ छात्रों को आगे बढ़ने के लिए चेताया भी। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 26वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। दीक्षांत समारोह के स्वर्णिम बेला में कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के हाथों मंच पर मेडल पाकर मेधावी गदगद हो उठे। टॉपर छात्रों ने अपनी सफलता के पीछे अपने माता पिता और गुरुजनों का योगदान बताया। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 66 मेधाधियों को गोल्ड मेडल और 307 शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान किया। सर्वाधिक गोल्ड मेडल छात्राओं को मिलने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने खुशी जाहिर की। राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की तेजी से बढ रही भागीदारी की सराहना की वहीं दूसरी तरफ छात्रों को आगे बढ़ने के लिए चेताया भी। साथ ही उन्हें संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि इस बार भी लड़कियां लड़कों से आगे निकल गईं। लड़कों को भी प्रयास करना होगा। हर क्षेत्र में लड़कियां आगे बढ़ रही हैं। विश्वविद्यालय में आधी आबादी का दबदबा बरकरार है। दीक्षांत समारोह में इस बार 66 मेधावियों को गोल्ड मेडल मिला। इसमें 41 छात्राएं और 21 छात्र शमिल हैं।

### राज्यपाल बोलीं- यही असली सशक्तिकरण

देश तेजी से बदल रहा है। लड़कियां शिक्षा के साथ खेल, सेना, अंतरिक्ष समेत सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। यही असली सशक्तिकरण है। युवा नवाचार के लिए तैयार हैं। उन्हें आगे लाना होगा। जरूरत इस बात की है कि उनकी उर्जा को देश के विकास में लगाया जाए। 21वीं सदी विज्ञान की सदी है। युवा शक्ति के कौशल को बढ़ाने में शिक्षण संस्थाएं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता से ट्रेंड बदलेगा। कौशल आधारित शिक्षा से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगें। शोध को स्थानीय स्तर प्राथमिकता देनी होगी। नई शिक्षा नीति से काफी बदलाव आया है। नैक के लिए शिक्षण संस्थाओं को तैयार रहना होगा। मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि भारत ऋषियों-मुनियों की कर्मभूमि रही है। दीक्षा ग्रहण करने के बाद जीवन के हर क्षेत्र में शिक्षा की उपयोगिता को साबित करें, यही हमारी शुभकामनाएं है। आज उर्जा और ज्ञान के अक्षय भंडार है। आप को इसका सकारात्मक और सर्जनात्मक उपयोग देश और समाज की उन्नति के लिए करना है। आप कौशल, ज्ञान और अनुसंधान का उपयोग करें। पर्यावरण संरक्षण के लिए तैयार रहना होगा। कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया।

## पुलिस की वर्दी में हमला कर सकते हैं फिदायीन, छह स्तरीय किया गया मंदिर का सुरक्षा घेरा

मंदिर के आसपास आठ मस्जिद हैं। वहां तैनात सुरक्षा बलों को यह ट्रेनिंग दी गई है कि हमले की स्थिति में किसकी क्या जिम्मेदारी रहेगी। सर्विलांस के लिए अयोध्या में ही लगभग 350 कैमरे लगे हैं। मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे की निगरानी हो रही है उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 70 एकड़ जमीन पर बनाए जा रहे राम मंदिर परिसर की सुरक्षा को अभेद बनाया जा रहा है। आतंकियों द्वारा हमला करने की धमकी आती रहती है। मंदिर परिसर को नो-फ्लाइंग जोन घोषित करने की पूरी तैयारी हो चुकी है। इसके बाद ड्रोन, हवाई जहाज या चॉपर, कोई भी यहां से नहीं गुजर सकेगा। ऐसे अलर्ट मिल रहे हैं कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आतंकी समूह नेपाल सीमा के जरिए मंदिर पर हमला करने की रणनीति बनाते रहते हैं। अब एक नया खतरा फिदायीन अटैक का है। मंदिर में %पुलिस और फौज% की वर्दी में घुसकर हमला हो सकता है। ऐसे हमले में आतंकी पहले धमाका करते हैं और उसके बाद फायरिंग होती है। इस तरह के संभावित हमलों के मद्देनजर मंदिर परिसर की सुरक्षा को और ज्यादा पुख्ता बनाया जा रहा है। जिस तरह से मंदिर की सुरक्षा में सीआरपीएफ, स्थानीय पुलिस और पीएसी तैनात है, उसी तर्ज पर इंटेलिजेंस इनपुट जुटाने के लिए अलग से एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब मंदिर का सुरक्षा घेरा 6 स्तरीय हो गया है। सटीक खुफिया जानकारी जुटाने के लिए आईबी, एलआईयू, खुफिया संपर्क इकाई और सीआरपीएफ की इंटेलिजेंस विंग, को विशेष टॉस्क दिया गया है।



### तीन जोन में हो रही है मंदिर की सुरक्षा

मंदिर परिसर की सुरक्षा को तीन भागों में विभाजित किया गया है। रेड जोन में मंदिर परिसर के अंदर वाला हिस्सा शामिल है। येलो जोन में आसपास के वे सभी रास्ते शामिल किए गए हैं, जो मंदिर परिसर की तरफ जाते हैं। ग्रीन जोन का दायरा इससे कुछ ज्यादा होता है। यूपी पुलिस, पीएसी और सीआरपीएफ की एक बटालियन, 24 घंटे मंदिर परिसर की चौकसी करती है। ये बल सभी तरह के हमलों का जवाब देने में पारंगत हैं। अगर कोई आतंकी हमला होता है या विस्फोट के जरिए कोई व्यक्ति/समूह, मंदिर को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करता है, तो उसे पहले ही नेस्तानाबूद कर दिया जाता है। जो इनपुट मिले हैं, उनमें मंदिर परिसर को नुकसान पहुंचाने के लिए आसपास कोई दंगा कराया जा सकता है। बम फेंकने व सशस्त्र हमले से निपटने का भी पूरा इंतजाम है। बमरोधी दस्ता हर समय मंदिर में तैनात रहता है।

### मंदिर को नुकसान पहुंचाने के लिए डार्क नेट की मदद

सूत्रों का कहना है कि राम मंदिर तक पहुंचने के मार्ग भी सुरक्षा के हिसाब से तय किए गए हैं। एक स्पेशल मार्ग है, जहां पर तीन जगह चेकिंग होती है। ऐसा नहीं है कि कोई व्यक्ति किसी भी मार्ग से मुख्य मंदिर तक पहुंच सकता है। उसके लिए एक मार्ग निश्चित किया गया है। मंदिर में कुछ भी लाना वर्जित है। कुछ समय पहले ही एक व्यक्ति ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर मंदिर को उड़ाने की धमकी दी थी। पुलिस की तत्परता से वह व्यक्ति पकड़ा गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी सुरक्षा एजेंसियों की नजर है। डार्क नेट और इंटरनेट के जरिए अपराध को अंजाम देने वाले दूसरे तौर तरीकों पर भी नजर रखी जा रही है। मंदिर की सुरक्षा के लिए आसपास के इलाके में भी गहन जांच पड़ताल होती है। स्थानीय निवासियों के यहां पर कौन आ रहा है, ये सब बताना पड़ता है। इसका एक रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। किसी व्यक्ति के यहां कोई समारोह है तो बाकायदा उस पर इंटेलिजेंस इकाई की नजर रहती है। यह देखा जाता है कि वहां कोई अपराधी, मंदिर को नुकसान पहुंचाने की साजिश तो नहीं रच रहे। मंदिर के आसपास के इलाके में किसी को मैपिंग करने की इजाजत नहीं है।

### मंदिर की सुरक्षा, एक्सपोजर तो सीआरपीएफ के पास है

ऐसी खबरें भी मिल रही हैं कि मंदिर की सुरक्षा के लिए यूपी पुलिस की स्पेशल सर्विस यूनिट बन रही है। इसमें पीएसी के जवानों को शामिल किया गया है। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह ठीक नहीं है। वैसे तो यहां एनएसजी की टीम भी आती रहती है। पुलिस व पीएसी के पास रियल टाइम एक्सपोजर नहीं है। वह एक्सपोजर तो सीआरपीएफ के पास ही है। वजह, सीआरपीएफ लंबे समय से आतंकी और नक्सल प्रभावित इलाकों में ऑपरेशन कर रही है। यूपी सरकार ने नेपाल से लगते सीमावर्ती जिलों में स्थित मदरसों का सर्वेक्षण कराया है। इसमें आसूचना तंत्र की रिपोर्ट भी शामिल है। आईबी ने वहां स्थित मदरसों की अपडेट जानकारी हासिल की है।

### खास मेहमान को भी अकेला नहीं छोड़ते सुरक्षा कर्मी

मंदिर के आसपास आठ मस्जिद हैं। वहां तैनात सुरक्षा बलों को यह ट्रेनिंग दी गई है कि हमले की स्थिति में किसकी क्या जिम्मेदारी रहेगी। सर्विलांस के लिए अयोध्या में ही लगभग 350 कैमरे लगे हैं। मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे की निगरानी हो रही है। वाहन एक तय दूरी पर ही रोके जाते हैं। अगर कोई खास मेहमान है तो उसके लिए पास जारी होता है। इसके बाद भी सुरक्षा कर्मी, उसे अकेला नहीं छोड़ते। बतौर गाइड, वे उसके साथ रहते हैं। मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर विशेष समीक्षा रिपोर्ट तैयार होती रहती है। इस काम को समय समय पर विभिन्न एजेंसियां अंजाम देती हैं। सिक्योरिटी सर्वे होता रहता है। गत वर्ष सीआईएसएफ ने सुरक्षा सर्वे किया था।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, लाल टोपी लगाकर ठेकेदारी करने वालों के बैंक एकाउंट देखे जाएं

विधान परिषद में प्रश्न प्रहर के दौरान सपा सदस्यों ने वॉकआउट किया। वे मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्तियों में आरक्षण का पालन न करने का आरोप लगा रहे थे। हालांकि, ब्रजेश पाठक ने मुख्य विपक्षी दल के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बिना नियमावली के भर्ती सपा शासन में ही होती थीं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया, राजनारायण, जनेश्वर मिश्र जैसे लोग सच्चे समाजवादी थे जो जब दुनिया से गए तो उनके पास फटी धोती तक नहीं थी। आज जो समाजवादी दिख रहे हैं ये नकली हैं। लाल टोपी लगाकर ठेकेदारी करने वालों के बैंक एकाउंट देखे जाएं कि आखिर दस रुपये से खाता खोलकर उन खातों में करोड़ों रुपये कहां से आ गए। पाठक गुरुवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार के दौरान बुंदेलखंड में ट्रेन से पानी पहुंचाया गया था पर आज




वहां हर घर पानी दिया जा रहा है। 26900 मेगावाट विद्युत आपूर्ति प्रतिदिन प्रदेश को की जा रही है। 30462 मेगावाट प्रतिदिन की हमारी क्षमता है। उन्होंने सपाइयों पर निशाना साधा कि सपा महिला, एससी, एसटी, पिछड़ों आदि सभी की विरोधी है। कानून व्यवस्था में 16 हजार से अधिक मुकदमे एंटी रोमियो स्क्वाड ने दर्ज कराए। उन्होंने बिना नाम लिए अखिलेश पर निशाना साधा। कहा, सुना था कि बिना राजपाट के राजा डिस्टर्ब हो जाता है। आज देख भी लिया।

### बदनाम चाचा हुए और माल कोई ओर ले गया

ब्रजेश ने कई बार इशारों इशारों में शिवपाल यादव के बहाने सपा पर तंज कसे। कहा कि सरकार आ रही है कहकर ऐसा भ्रम फैलाया कि कई लोग ठगे गए। चाचा के दिल से पूछिए। वहां ऐसा समाजवाद है कि चाचा का ही पत्ता साफ हो गया। ये मेरे परिवार के हैं। मैं इनकी पीड़ा समझता हूं। चाचा बदनाम हुआ और माल कोई और ही ले गया। मैनपुरी समेत आसपास के सभी जिलों में डिप्टी सीएम बने घूमते थे। कहते थे कि कोई काम हो तो बताना। हमने शुचिता से काम किया।

### खाओ विद्या कसम

ब्रजेश ने अलग अंदाज में ही सदन में बात की। कहा सपा सरकार के दौरान कानून व्यवस्था की ?स्थिति यह थी कि एक पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर डाल एक कार सीएम कार्यालय में जा घुसी। उसमें कभी कोई कार्रवाई ही नहीं की गई। इस पर सपाइयों ने हंगामा किया तो ब्रजेश फाइल हाथ में लेकर सपाइयों से मुखातिब हो गए और बोले, खाओ विद्या कसम कि यह झूठ है। इस पर सदन में ठहाका लग गया।

### मेडिकल कॉलेजों में भर्तियों में आरक्षण का पालन न करने का आरोप

विधान परिषद में प्रश्न प्रहर के दौरान सपा सदस्यों ने वॉकआउट किया। वे मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्तियों में आरक्षण का पालन न करने का आरोप लगा रहे थे। हालांकि, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्य विपक्षी दल के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बिना नियमावली के भर्ती सपा शासन में ही होती थीं। सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया और नियमावली के बारे में जानकारी मांगी। चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह ने बताया कि ये नियुक्तियां सुसंगत नियमावली के अनुसार की जाती हैं। कहा कि सपा सदस्य सिर्फ अखबारों में छपने के लिए निराधार आरोप लगाते हैं। सच्चाई सुनना नहीं चाहते।

## अखिलेश यादव बोले, जाति जनगणना के बिना सबका साथ सबका विकास नहीं हो सकता

यूपी विधानमंडल सत्र के दौरान सपा विधायकों ने सरकार से जातीय जनगणना की मांग की और सदन के वेल में आकर बैठ गए जिस पर सदन को स्थगित कर दिया गया। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में यूपी में जाति जनगणना कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिना जाति जनगणना के सबका साथ सबका विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि सरकार इससे पीछे क्यों हट रही है। उन्होंने कहा



कि सपा ने पहले भी मांग की है और अब भी इसके पक्ष में हैं कि यूपी में जाति जनगणना की जानी चाहिए।

### यूपी इंवेस्टर्स समिट पर उठाए सवाल, कहा- अभी तक कितना निवेश हुआ, जानकारी दें

अखिलेश यादव ने यूपी में इंवेस्टर्स समिट आयोजित करने पर कहा कि सरकार यहां पर मेला न लगाए। सदन को ये बताया जाए कि अभी तक कितना निवेश हुआ है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि जो भी सूट और टाई पहने हुए था उससे एमओयू करवा लिया। एमओयू की क्या विश्वसनीयता है सरकार जवाब दे। अखिलेश यादव ने छुट्टा जानवरों की समस्या उठाते हुए कहा कि योगी सरकार के मंत्री विदेशों में गए थे। क्या किसी ने वहां सड़कों पर सांड़ देखा? निवेश की बात करने वाले शहर तक साफ नहीं कर पा रहे हैं और लखनऊ तक की सड़कों पर सांड नजर आ रहे हैं।

### छुट्टा जानवरों के कारण हुए हादसों में मृतकों के परिजनों को 10 लाख मुआवजा दे सरकार

अखिलेश यादव ने कहा कि सड़कों पर छुट्टा जानवरों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। मेरी सरकार से मांग है कि सड़क हादसों के मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।

आप चुनाव जरूर जीत जाते हैं पर आपकी सरकार की कोई क्रेडिबिलिटी नहीं है।

## संपादकीय Editorial

# Insult to PM's father

Is this our political culture? Have we been proudly flaunting the fundamental right of democracy and freedom of expression like this? Does the respect of the elected Prime Minister of the country and the dignity of the nation matter or not? Why does Congress do such shameful acts again and again? Is it a deranged state of mind fueled by the disintegration of the party, its ever-diminishing acceptability and the frustrations of electoral defeats, that have been compelling the prime minister to use foul language? Grievances and resentment may stem from the government policies and decisions of the Prime Minister, what can the Congress gain by insulting the late father of the Prime Minister? What mental peace can be found? Are the people of the country not seeing all this because they too are hurt by the repeated insults of the Prime Minister of the country? The Prime Minister is the same for the Congress as well, who is the first democratic and executive face of India. Is there any code of conduct, discipline and control within the Congress on those who speak such indecent and derogatory words or is that too 'zero'?

The concern is also of India's national image and prestige. How can a dwarf spokesperson of the party dare to joke in the name of the Prime Minister's father? Is there no specific law in this regard? Maybe this is democracy! Congress spokesperson Pawan Kheda took the full name of the Prime Minister on a public platform in this way – Narendra Gautam Das Modi. The name of the father of the Prime Minister is – Damodar Das. Country and politics are well aware of this. A perverse parody was created to mock controversial industrialist Gautam Adani by associating his name with the Prime Minister. Pawan Kheda said this deliberately, as it was clear from his facial expressions.

These days, a political narrative is being made of the close relationship between Prime Minister Modi and Adani, so that questions of scams and corruption can be raised on the Prime Minister as well. The issue and discussion may be anything, but our strong objection is that why make a perverted parody of the name of the Prime Minister's late parents? In fact, Pawan Kheda is a very junior face in the Congress, but Mani Shankar Aiyar, Jairam Ramesh, Subodhkant

Sahai, Renuka Chowdhary, Shashi Tharoor, Pramod Tiwari, Ghulam Nabi Azad (then in Congress) and Sanjay Nirupam, etc. have been Congress presidents ranging from Sonia and Rahul. Senior leaders like Gandhi have used abusive words for Prime Minister Modi. The current Congress President Mallikarjun Kharge had termed the Prime Minister as 'Ravana' during the Gujarat elections. On such issues, Congress spokespersons start arguing that even Prime Minister Modi had used abusive words for the Gandhi-Nehru family and continues to do so even now. This allegation is full of half-truths.

Some taunts are kept by the Prime Minister, but he did not directly abuse anyone in Abhidha word-power. We believe that the Prime Minister should also exercise some restraint, but the question is, does the Congress want to do vendetta politics? Prime Minister Modi has never insulted the parents of any person sitting on this constitutional post, we are claiming this on the basis of our experience. The Congress leaders have even enumerated the types of death of the Prime Minister as to how he can be killed! One leader has given a public statement to the extent of doing 'Boti-Boti'. That leader is now out of Congress. The question is also whether once again the Congress spokesperson has scored a 'self goal' by making such a derogatory parody in the context of the Prime Minister. The 2024 general elections are not far away and the BJP can convert it into a 'sympathy issue'.

# Rani Mukherjee will be seen fighting the war against the country, returning to the screen as a strong mother

Bollywood actress Rani Mukherjee is known for her excellent performances. The actress gets into the character she plays. At the same time, now she has come to win the hearts of fans once again with her film Mrs. Chatterjee vs Norway. The trailer of the film has



been released, which looks quite powerful. This is the story of a mother who lives in Norway with her children and husband. But then something happens that she fights against the whole country for her children. The trailer of Mrs. Chatterjee Vs Norway begins with the character of Mrs. Chatterjee leaving Kolkata to live in Norway with her husband and children. Mrs. Chatterjee's life is going on happily until one day something happens that changes everything. Both her children are taken away from her citing law and it is said that she is not a good mother. After this, Mrs. Chatterjee's fight to get her children back begins and she stands against the whole nation. The trailer shows a lot of things that will touch your heart that how a mother is ready to cross all limits for her children. At the same time, many important things have also been shown in the trailer, such as feeding children with hands, making them sleep with them or applying black tika on the forehead, which we celebrate. But there Mrs. Chatterjee was labeled as not a good mother by pointing out these same things.Mrs Chatterjee Vs Norway will hit the screens on March 17. Apart from Rani Mukherjee, Jim Sarbh, Neena Gupta and Anirban Bhattacharya are in lead roles in this film. This film is directed by Ashima Chhibber. The film was earlier scheduled to release on March 3, but later its release date was shifted to March 21. At the same time, now it will finally release on March 17.

# Tamil superstar Vishal narrowly escaped from the clutches of death, an uncontrollable truck came on the shooting set and...


Vishal Krishna Reddy has shared a video during the shooting of 'Mark Antony' on his Twitter handle. It is clearly visible in this video that a big accident happened with the actor on the sets of the film.



'Jaako rakhe saiyan...maar sake na koi' is not what we are saying but Tamil film actor and producer Vishal Krishna Reddy. Now the question arises why?....so tell because the actor has recently returned from the jaws of death. Recently, the superstar of Tamil films shared a video on social media during the shooting of his upcoming film 'Mark Antony' and revealed the death to his fans. This creepy video shared by Vishal is becoming increasingly viral. Big accident happened with Vishal - Vishal Krishna Reddy has shared a video on his Twitter handle during the shooting of 'Mark Antony'. It is clearly visible in this video that a big accident happened with the actor on the sets of the film. Sharing the video with the fans, Vishal wrote, 'God saved my life by a few seconds and a few inches. Many thanks to God. I am shocked by this incident and now back on my feet and back on shoot. Truck lost balance- In this video it can be clearly seen that the shooting of the film 'Mark Antony' is going on. The entire cast and crew on the sets are busy shooting. The truck was also being used in this fight sequence, in which the truck had to stop after coming out after breaking the wall. But suddenly the truck lost its balance and started moving at high speed towards the place where Vishal was also there. Seeing the truck going out of control, there was a stampede on the set. This video of Vishal is becoming increasingly viral. Along with this, the fans are also praying for the well-being of the actor.

# Brother made star, married to niece, life of this filmmaker remained in controversies

Today is the death anniversary of Bollywood's famous and famous director Vijay Anand. Vijay Anand produced many brilliant films for the Hindi film industry in the 70-80s. He gave the world many superhit films like 'Kala Bazar', 'Tere Ghar Ke Samne', 'Guide', 'Jewel Thief', 'Johnny Mera Naam', 'Tere Mere Sapne' 'Kora Kagaz'. Apart from the film career, Goldie's personal life was also very much discussed, so let us introduce you to some unheard things related to the life of actor Vijay Anand ... Vijay Anand has done all kinds of romantic, comedy, family drama, thriller in his career. made films. Similarly, his real life was also full of ups and downs. Born on 22 January 1934 in Gurdaspur, Punjab, Vijay Anand was also known as Goldie Anand. He made offbeat films and established himself as a famous director in the film industry. Vijay was the youngest of his three brothers. His two elder brothers were director-producer Chetan Anand and actor-director Dev Anand. Together these three brothers started 'Navketan Films'. It was a production house known for great stories and memorable music for its films. Vijay Anand made his mark as a director at the age of just 23 by making Nine Do Eleven. After the success of the film Guide, he made Tere Mere Sapne (1971), which did not work. Vijay Anand was deeply shocked by this and he got depressed. Vijay Anand went to the shelter of Osho. He named himself Swami Vijay Anand Bharti. They started wearing saffron clothes and big garlands around their necks. He even started giving discourses in his studio. However, he soon lost his fascination with Osho and again returned to worldly life. Vijay Anand made a special place among the audience due to the films. Apart from films and acting, he also remained in headlines because of his personal life. He had to face a lot of controversies especially regarding his marriage. He put all the customs on hold by marrying his elder sister's daughter i.e. real niece. The whole family got angry with him on this marriage of elder sister's daughter Sushma. At the same time, there was an uproar in the society as well. This was his second marriage in 1978, which had been in a lot of controversies at that time. However, later the family accepted this marriage. Vijay Anand acted in films like 'Haqeeqat', 'Kora Kagaz', 'Main Tulsi Tere Aangan Ki'. There came a time when Vijay Anand had become a victim of stress. Then he went towards spirituality. Vijay Anand died on 23 February 2004 due to a heart attack. Today Vijay Anand is no more among us, but his indelible mark is still present among the people.




# Karan Kundrra clean from the second season of Lockup! This Hasina of Bigg Boss will get the command of the jailer

Kangana Ranaut's show Lockup is all set to return with its second season. Karan Kundra was seen in the role of a jailer in the show. But there are reports that he will not be a part of this season. Kangana Ranaut is going to make a comeback on OTT once again with her reality show Lockup. The first season of the show was well received by the audience and they are eagerly waiting for Lockup 2. The show has been in limelight for the past few weeks. Whenever news related to the contestants of the show comes to the fore, this time Karan Kundrra, who plays the role of the jailer, is in the news. He was seen in the role of a jailer - In fact, apart from Kangana Ranaut, Karan Kundrra was seen in the role of a jailer in Lockup. Whenever he came on the show, the contestants used to get to see funny tasks. At the same time, it is now being said that Karan Kundrra will not be seen in the role of jailer in the second season and Rubina Dilaik, who was the winner of Bigg Boss, will be a part of the show in his place. Karan will be seen in the new show. Karan Kundrra has recently become a part of Colors' Ishq Mein Ghayal serial. Karan is playing the lead character in the show and it is being said that now Rubina will replace him in the lockup. Rubina has earlier been a part of reality shows like Khatron Ke Khiladi and Jhalak Dikhhla Jaa. Although such reports coming some time ago were denied by Rubina, but now after the start of Karan's show, again the name of the actress for the jailer has gained momentum.



# मोबाइल पर आया मैसेज, खोला तो बहू के दिखे ऐसे फोटो कि शादी के एक दिन पहले किया रिश्ते से इंकार

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - क्वार्सी थाना क्षेत्र की एक युवती की शादी बुलंदशहर के युवक से रिश्ता तय हुई। आज बारात आनी थी। आरोप है कि मोहल्ले के ही युवक ने एक दिन पहले उसका आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिया। फोटो युवक पक्ष को भी भेजे गए। जिन्हें देख युवक पक्ष ने रिश्ते से इंकार कर दिया। शादी की तैयारी पूरी हो चुकी थी, एक दिन बाद बारात आनी थी। वर पक्ष के मोबाइल पर एक मैसेज ऐसा आया, जिसने हंगामा मचा दिया। मैसेज खोला, तो उसमें होने वाली बहू के ऐसे आपत्तिजनक फोटो दिखे कि रिश्ते से इंकार कर बारात लाने से मना कर दिया गया। शादी के सपने सजोए युवती के सपने चूर-चूर हो गए। अलीगढ़ के क्वार्सी थाना क्षेत्र की एक युवती की शादी बुलंदशहर के युवक से रिश्ता तय हुई। आज बृहस्पतिवार को बारात आनी थी। आरोप है कि मोहल्ले के ही युवक ने  को उसका आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिया। फोटो युवक पक्ष को भी भेजे गए। जिन्हें देख युवक पक्ष ने रिश्ते से इंकार कर दिया। हालांकि अभी दोनों पक्षों में वार्ता जारी है। मामले में युवती पक्ष की ओर से क्वार्सी थाने में तहरीर दी गई है। थाना इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राठी ने बताया कि एक युवक के खिलाफ तहरीर मिली है, जिसमें युवक पर युवती के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच चल रही है।

# रात में लिए सात फेरे, सुबह विदाई से पहले परीक्षा देने पहुंची दुल्हन



मुरादाबाद-कांठ। एक नवविवाहिता इंटरमीडिएट की छात्रा दुल्हन के श्रृंगार में परीक्षा केंद्र पर चित्रकला की परीक्षा देने पहुंची। कांठ तहसील व छजलैट थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर की रहने वाली गीता कांठ के मघपुरी इनायतपुरी स्थित महाराजा शूरसेन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित होने से पहले ही छात्रा की शादी निकटवर्ती जनपद बिजनौर के कुंडीपुर निवासी विक्की सैनी के साथ तय हो गई थी। हिंदू पंचांग के अनुसार शादी की तिथि भी 21 फरवरी रखी गई थी। इस बीच 16 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई। छात्रा गीता ने शादी के साथ ही परीक्षाओं की तैयारी भी प्रारंभ कर दी थी और 16 फरवरी से वह परीक्षाएं भी देने लगी। तयशुदा कार्यक्रम के अंतर्गत रात छात्रा गीता की शादी थी। बिजनौर के कुंडीपुर से बारात आई थी। शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद उसने रात में अपने पति विक्की सैनी के साथ सात फेरे लिए। सुबह दुल्हन की विदाई होनी थी। लेकिन नवविवाहिता गीता ने विदाई से पहले अपनी परीक्षा की जिम्मेदारी को समझा और परिवार व ससुराल वालों के साथ कांठ नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर पहुंची। हाथों में मेहंदी और पूरे दुल्हन के श्रृंगार में गीता को देख सभी अचंभित हो गए। उसने पूरी निष्ठा और लग्न के साथ चित्रकला की परीक्षा दी। पढ़ाई के प्रति छात्रा की निष्ठा और जागरूकता को देखते हुए प्रधानाचार्या व परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक सुनीता आर्य व विद्यालय स्टाफ ने उसे सगुन देकर सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कॉलेज से ही छात्रा अपनी ससुराल के लिए विदा हो गई।

## संस्कृत और इंटर की चित्रकला की परीक्षाएं कराईं

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए कांठ में इसके लिए 13 केंद्रों पर परीक्षार्थियों को नकल विहीन परीक्षाएं कराई जा रहीं हैं। बोर्ड द्वारा घोषित कार्यक्रम के दौरान बुधवार को हाईस्कूल की संस्कृत और इंटरमीडिएट की चित्रकला परीक्षाएं कराई गई। दोनों परीक्षाएं सुबह की पाली में ही कराई गई। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से व्यवस्थाओं को देखा। दोनों परीक्षाओं से कांठ के 13 केंद्रों पर कई परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

# जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षाओ के दृष्टिगत जीआईसी इन्टर कालेज मुरादाबाद का किया औचक निरीक्षण

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जीआईसी इण्टर कालेज, मुरादाबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रातः से ही सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्टेऊट भ्रमणशील है और सभी परीक्षा केन्द्रों पर कुशलतापूर्वक बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न हो रही हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति एवं नकल की भी कोई सूचना नही है।

आगे भी बोर्ड परीक्षाओं हेतु पूरी व्यवस्था मुकम्मल है, सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल लगाया गया है और जितने भी परीक्षा केन्द्र पर स्ट्रांग रुम बनाये गये हैं उनकी निगरानी की भी बेहतर व्यवस्था की गयी है।

# एटा का एटीएम हैकर गोंडा पुलिस ने दबोचा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एसओजी व सर्विलांस की टीम तथा उमरी पुलिस की टीम ने मंगलवार की शाम दो शातिर एटीएम हैकरों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी शिवराज ने बुधवार को बताया कि आईडीबीआई बैंक के ब्रांच हेड उदित कुमार ने 21 फरवरी को नगर कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें 12 जनवरी को गोंडा शाखा में लगे एटीएम मशीन से धोखाधड़ी करके 15 हजार रुपए चोरी करने की बात कही गई थी। इसकी जानकारी उन्हें 31 जनवरी को फेल्ड ट्रांजैक्शन के निस्तारण करते समय लगी। इस संबंध में कोतवाली नगर में चोरी व धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार साइबर अपराधी वाहिद पुत्र अजीज खान निवासी अलीगंज जनपद एटा और फैजान खान पुत्र अकील निवासी मेवाती नगला थाना ताजगंज जनपद आगरा के पास से नौ एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन, एटीएम खोलने में प्रयुक्त सामग्री, कार सहित 21 सौ रुपये नगद बरामद किए हैं। इस तरह लगाते थे बैंकों को चपत वारदात में शामिल फैजान व वाहिद एक मिनट में एटीएम को हैक कर लेते थे। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने यह बात कबूली है। अब तक इन लोगों ने कई एटीएम से लाखों रुपए निकाले हैं। ये लोग कार से प्रदेश के शहरों संग पड़ोसी सूबों में घूमते रहते थे। बिना सुरक्षा गार्ड के चल रहे एटीएम से एक दिन में एक लाख से दो लाख तक की रकम साफ कर देते थे। आरोपियों ने खुद के बैंक खाते भी खोले थे। आरोपी वाहिद एटीएम हैकिंग में महारथी था। आरोपी एटीएम मशीन की बिजली की सप्लाई काट देते थे और अपने रिमोट-ऑपरेटेड एडॉप्टर के माध्यम से बिजली की सप्लाई कर एटीएम कार्ड डालते थे और पैसे निकालते थे। जब एटीएम से पैसा निकल जाता था तो वे रिमोट कंट्रोल से बिजली काटकर निकासी को रोक देते थे या ट्रांजैक्शन के वक्त एटीएम में क्लिप फंसा देते थे। जिससे पैसा तो निकल जाता था लेकिन तकनीकी तौर पर ट्रांजैक्शन रद्द हो जाता था। इस तरह मशीन को हैक कर लेते थे। इसके बाद बैंक के कस्टमर केयर में शिकायत दर्ज कराते थे और पैसे की वापसी के लिए क्लेम करते थे। आरोपियों की गिरफ्तारी में एसओ उमरी बेगमगंज संजीव कुमार वर्मा, राजू सिंह, अरविन्द, यशवन्त यादव, रणधीर सिंह, अमित कुमार, अरविन्द कुमार और हरिओम टण्डन की विशेष भूमिका रही।

# झौलाछाप सिघंम डा. सर्वेश के डर से कांप उठा ब्लॉक मारहरा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के निर्देशन में अख्खड मिजाज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने जिले मे अवैध रूप से संचालित झौलाछाप डाक्टरों पर अपनी नजर का तेवर आक्रामक करते हुऐ उनकी दिन व रात की नींद हराम कर दी है ! पिछले दो सप्ताह से डिप्टी सी.एम.ओ. अवैध चिकित्सा व्यवसाय डा. सर्वेश कुमार की टीम के नेत्रत्व में समूचे जिले मे दनादन डाले जा रहे झौलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिकों पर छापामार कार्यवाही के चलते उनकी सांसे अटक गयी हैं ! आज डिप्टी सी.एम.ओ.डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा ब्लॉक मारहरा क्षेत्र में डाले गऐ दनादन छापों से जहां झौलाछापों की सांसे अटकी नजर आयीं तो वहीं सिघंम डा. सर्वेश कुमार की दहशत के चलते क्षेत्र में दनादन शटर गिरते नजर आऐ ! ईमानदार व बेदाग छवि के डिप्टी सी.एम.ओ. डा. सर्वेश कुमार ने आज अपनी टीम को लेकर ब्लॉक मारहरा के ग्राम जारथल में छापामार कार्यवाही करते हुऐ राजवीर सिहं झौलाछाप को पकडा तो उसके यहां हजारों रूपयों की एक्सपायरी दवाओं का जखीरा मिला ! डा. सर्वेश कुमार ने जारथल में संचालित इस अवैध क्लीनिक के संचालक को नोटिस देकर चिकित्सीय अभिलेखों को तीन दिवस में कार्यालय आकर दिखाने के निर्देश दिऐ तो वहीं ग्राम जिन्हैरा में फर्जी क्लीनिक संचालित करने वाले पुष्पेन्द्र को नोटिस थमाया उसके बाद ग्राम जिन्हैरा में ही डी.फार्मा का डिप्लोमा प्राप्त पीयूष दीक्षित के दीक्षित क्लीनिक पर छापा मारकर पंजीक्रत क्लीनिक न होने पर अभिलेखों को प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुऐ नोटिस चस्पा किया है ! डिप्टी सी.एम.ओ. डा.सर्वेश कुमार ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत चौथे मील पर भी पीयुष दीक्षित का क्लीनिक संचालित होने की जानकारी मिली है जिसको शीघ्र ही सीज किऐ जाने की कार्यवाही की जाऐगी !

# सड़क हादसों में हुई 4 लोगों की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जनपद में तेज रफ्तार के कहर ने दो सड़क हादसों ने 4 लोगों की मौत हो गई कई अन्य लोग घायल हुए । नेशनल हाईवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही हुई मौत बाइक पर दो पुरुष एक महिला थी सवार एटा से सिकंदराराऊ की तरफ जा रही थी बाइक दिल्ली नंबर की स्विफ्ट कार ने बाइक को मारी टक्कर पिलुआ पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना पिलुआ के अंतर्गत पुठिया का पूरा मामला शिकोहाबाद रोड पर हुआ सड़क हादसा तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार एक की मौके पर ही हुई मौत बाइक पर सवार।घायल को हायर सेंटर किया रेफर एटा से रिजोर की तरफ जा रही थी बाइक दिल्ली नंबर की स्विफ्ट कार ने बाइक को मारी टक्कर रिजोर पुलिस ने घायलों को पहचाना मेडिकल कॉलेज मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा पोस्टमार्टम गृह थाना रिजोर के अंतर्गत डीपीएस स्कूल के पास का पूरा मामला

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर नोटिस चस्पा किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-विधायक निधि गबन तथा अवैध कब्जा के मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर बयान दर्ज कराने के लिए एक बार फिर से सपा नेताओं के घर पर नोटिस चस्पा किया गया। इस बार थाना जसरथपुर पुलिस के अलावा जैथरा पुलिस भी साथ रही। बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस चस्पा कराया गया है।एसओ जसरथपुर के के लोधी के अनुसार जैथरा में जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला दर्ज है, जिसमें आरोपियों को गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। मामले में आरोपी बनाएं गए पूर्व जिपं अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह सहित अन्य के बयान दर्ज होने है साथ ही थाना जसरथपुर में विधायक निधि दुरपयोग के मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ सिंह यादव निवासी अमृतपुर रघपुर सहित दो आरोपी बनाएं गए हैं। इस मामले में भी कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। बताया कि पुलिस जांच में सहयोग करने के आदेश देते हुए स्टे दिया था। कोई भी बयान दर्ज कराने नहीं पहुंच रहा है। बुधवार को वह खुद फोर्स के साथ तथा एसएचओ जैथरा रामेन्द्र शुक्ला फोर्स के साथ गांव अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर पहुंचे और बयान दर्ज कराने को घर के बाहर नोटिस भी चस्पा किया है। अवैध कब्जा के मामले में पहले भी पुलिस नोटिस चस्पा कर चुकी है।

# प्रेमी संग पूर्व प्रेमी का कत्ल: आंखें नोंची,उस्तरे से काटे दोनों हाथों के पंजे, शव का हाल देख डॉक्टर कांपे

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- अलीगढ़ में युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में युवती और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने चौंकाने वाले राज उगले। उन्होंने कहा कि उसकी हरकतों से आजिज आ गए थे। अलीगढ़ के क्वार्सी क्षेत्र के नगला मल्लाह के एक अपराधी युवक की उसकी पूर्व प्रेमिका ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को सोमवार रात अंजाम दिया गया। पहले पूर्व प्रेमी को बातों में उलझाकर मिलने बुलाया, फिर जवां क्षेत्र में राख के बंधे पर बेहोश कर उसकी हत्या की गई। खबर पर हरकत में आई पुलिस ने चंद घंटों में हत्यारोपी युवती व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। प्रेमी जोड़े ने जिस दरिंदगी से हत्या को अंजाम दिया। उसी अंदाज में उन्होंने खुलकर पुलिस के सामने सच भी बयां किया। युवती ने साफ कहा कि खुद के साथ दुष्कर्म और प्रेमी के बाल काटने का बदला लिया है। पोस्टमार्टम में जो उजागर हुआ है, उसे देख सभी हैरान हैं। दोनों ने मिलकर सिर्फ उसका गला ही नहीं रेता। साथ में दोनों हाथों के पंजे ऊपर से काटे गए, आंखें तक नोंच ली गईं। पीट और पेट पर चाकू से कई प्रहार किए। शव की इस हालत को देख पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों तक ने दांतों तले उंगली दबा ली। पुलिस के अनुसार, दोनों को तड़के गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ शुरू की तो उन्होंने स्वीकारा कि गालिब उन्हें परेशान कर रहा था। युवती ने स्वीकारा कि पहले गालिब से उसकी दोस्ती थी। डेढ़ वर्ष पहले युवती ने उसे छोड़ अयाज से दोस्ती कर ली। जब वह छूट कर आया तो परेशान करने लगा। साथ रहने के लिए तरह तरह के दबाव बनाने लगा।  इस पर युवती ने गालिब पर 11 जनवरी 2023 को दुष्कर्म, तेजाब से हमला करने व घर में घुसकर मारपीट करने तक का मुकदमा दर्ज कराया। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर जवां पुलिस ने दर्ज किया था। युवती का कहना था कि गालिब ने दोस्ती के समय उसकी एक वीडियो बना ली थी। जिसे वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता था। इसी से आजिज आकर उसने गालिब से दूरी बनाई थी। जब वह जेल से छूटकर आया तो फिर वही प्रयास किया। इसी पर उसने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें गालिब का भाई व मौसी भी सहयोग के आरोपी हैं। इसके बाद 10 फरवरी को गालिब ने अयाज को केला नगर चौराहे पर पकड़कर पीटते हुए उसके बाल काट दिए। बस उसी दिन उससे बदला लेने की ठान ली। जिसके तहत वे नुमाइश से एक उस्तरा व एक रामपुरी चाकू खरीद कर लाए। फिर सोमवार को युवती ने गालिब को आजाद नाम के अपने फर्जी इंस्टा एकाउंट से कॉल कर उसे मिलने बुलाया। फिर उसी की स्कूटी पर बैठकर वह जवां बंधे पर पहुंची। जहां पहले से अयाज छिपा हुआ था। वहां उसे रबड़ी में नशीली गोली मिलाकर खिलाई, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद चाकू व उस्तरा से अयाज ने उसकी हत्या की। पंजे काटने के दौरान चाकू कमजोर पड़ गया तो उस्तरे से उसे काटा और आंखें उंगली डालकर बाहर नोंच लीं। प्रभारी सीओ तृतीय मोहसिन खान के अनुसार हत्या में प्रयुक्त हथियार व मोबाइल घटना स्थल से एक किमी दूर छिपाए थे, जिन्हें बरामद किया गया है। स्कूटी को घटनास्थल से ही बरामद किया है। साथ में खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। मृत गालिब पर भी हत्या, हतया के प्रयास व दुष्कर्म के मुकदमे दर्ज थे। इधर, एसएसपी ने चंद घंटों में हत्या का खुलासा करने वाली टीम को इनाम की घोषणा की है।

## गैस हॉकर गालिब की पांच वर्ष पहले हुई थी युवती से मुलाकात

पुलिस पूछताछ में युवती ने स्वीकारा कि गालिब के माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह अपने भाई तालिब संग मामा के घर रहता था। दोनों भाई गैस हॉकर का काम करते थे। युवती की मां बुटिक चलाती है। वहीं पांच वर्ष पहले युवती से उसकी मुलाकात हुई। चूंकि गालिब अपराध में फंस गया, इसलिए उसने दूरी बनाई थी। यह भी स्वीकारा कि  शाम को दोनों शहर से भागने की तैयारी में थे। तभी दोनों को दबोच लिया।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# नशे के सप्लाई चैन पर चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही, सोनभद्र उत्तरप्रदेश से 1 आरोपी को पकड़ा गया

## इसी मामले में 3 आरोपी पूर्व में किए जा चुके है गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- बीते 08 दिसम्बर को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रेलवे स्टेशन उंचडीह के पास घेराबंदी कर आरोपी मंगल राजवाड़े उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पसला, थाना सूरजपुर को पकड़ा था जिसके कब्जे से ओनरेक्स कफ सिरप 150 नग जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 12 हजार रूपये को जप्त एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया था कि सोनभद्र जिला के बैजू ठाकुर से नशीली कफ सिरप लिया था, नशीली कफ सिरप को मॉ अम्बे मेडिकल स्टोर बभनी के संचालक राकेश कुमार के द्वारा बिक्री करवाया जाता है जिसके बाद पुलिस ने अवैध नशीली दवाईयों के सप्लाई चैन को तोड़ने की दिशा में आरोपी बैजू ठाकुर व मेडिकल स्टोर संचालक राकेश कुमार को पकड़ा गया था। इन दोनों ने पूछताछ बताया था कि अनपरा-सोनभद्र निवासी अभिषेक सिंह के द्वारा नशीली कफ सिरप लाकर बिक्री हेतु दिया गया था। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने नशे की वस्तु के सप्लाई चैन को तोड़ने तथा मामले में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव पुलिस टीम के साथ अनपरा, सोनभद्र उत्तरप्रदेश में दबिश देकर अभिषेक सिंह पिता बजरंगी सिंह उर्फ बजरंग उम्र 32 वर्ष सा. नई बस्ती परासी अनपरा, थाना अनपरा, जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश को पकड़ा गया। आरोपी के द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप का अवैध रूप से व्यापार का वित्त पोषण करना, अपराध में इनके द्वारा दुष्प्रेरण और अपराधिक षड़यंत्र करना पाए जाने पर धारा 21(सी), 27(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अमित सिंह व रौशन सिंह सक्रिय रहे।

# लंबित मामलों जल्द निराकरण सुनिश्चित करने पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को दिए निर्देश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने बैठक लेकर पुलिस अधिकारियों को कार्यो में लापरवाही न बरतने, लंबित मामलों का जल्द निराकरण करने तथा अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने बाल संरक्षण, पाक्सो एक्ट सहित अन्य विषयों के सम्बन्ध में वार्ता कर जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पास्को एवं किशोर न्याय अधिनियम बालकों के अधिकारों एवं उनकी रक्षा के लिए बनाया गया है। महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की विवेचना तत्परतापूर्वक संवेदनशीलता से करते हुए आरोपी को सजा दिलाने की दिशा में गंभीरता से कार्य किए जाए, अपहृत/गुम इंसान बालक-बालिका की दस्तयाबी विशेष प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध पर संवेदनशील होकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने हुए समुचित कार्यवाही करने, पीड़िता एवं बच्चों की पहचान उजागर न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने क्राईम रेट को कम करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए मेहनत से कार्य करने तथा निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला, जावेद मियादाद, चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, चौकी प्रभारी, चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह, चौकी प्रभारी सलका देवनाथ चौधरी, चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, चौकी प्रभारी करंजी संजय, एसआई दिनेश राजवाड़े, एएसआई रघुवंश सिंह, मनोज द्विवेदी, वरूण तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने नवनिर्मित एयरपोर्ट व विद्यालय का किया निरीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान अफरोज सबसे पहले पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतेन्द्र कुमार शुक्ला के इकौना स्थित आवास पर पहुंच कर उनकी माता को श्रद्धांजलि अर्पित कर क्षेत्र की गतिविधियों पर चर्चा की। इसके बाद विकास खण्ड इकौना अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय भिट्टी का आकास्मिक निरीक्षण कर छात्र छात्राओं का शैक्षिक स्तर को परखा। जहां पर बच्चों ने आयोग के सदस्य सम्मान अफरोज के सवालों का सरलता पूर्वक जवाब दिया। इस दौरान बच्चों का शैक्षिक स्तर, विद्यालय की साफ सफाई आदि संतोष जनक पाया गया। इस दौरान एबीएसए प्रिया पाठक समेत समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। इसके बाद आयोग के सदस्य ने निर्माणाधीन श्रावस्ती एयरपोर्ट का निरीक्षण कर जायजा लिया। जहां पर उन्होंने संत्री पोस्ट, गार्ड रूम, पंप रूम, मेट ऑफिस, लगेज रूम, बाउंड्री वॉल के साथ ड्रेन आदि का निरीक्षण निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर निदेशक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया सत्येंद्र यादव उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस का सहयोग करेंगे स्कूल के छात्र



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- लोगों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पुलिस की मुहिम में स्कूली छात्र खुद भी आगे आने लगे है। गुरूवार को नगर में स्थित एक विद्यालय के छात्र जिला पुलिस कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) से मुलाकात कर यातायात नियमों के प्रति चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस को सहयोग करने की दिशा में कार्य करने की मंशा जाहिर किया। सूरजपुर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र जगदीश राजवाड़े, संजीत टोप्पो व आशीष कमरो ने आमजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता के इस पुनित कार्य में सहयोग देने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के कार्यो में खुद से आगे आकर सहयोग करने की बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाए, जीवन को सुरक्षित रखने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। सुरक्षित जीवन के लिए सुरक्षित यात्रा आवश्यक है। यातायात नियम समाज हित में हैं।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में बरात से वापस आ रही पिकअप व स्कॉर्पियो वाहन से 2 की मौत 23 घायल



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के विकास खंड ओडगी मुख्यालय से 5 किमी दूर ओड़गी-बेदमी मार्ग खोरमल जंगल के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन पलट के बाद पेड़ से जा टक्कराई। इस हादसे में 17 लोग घायल हो गए। इनमें से 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला हॉस्पिटल सूरजपुर रेफर कर दिया। घायलों में बच्चे भी शामिल है। वाहन में लगभग 32-35 बाराती सवार थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत महुली से ग्राम बेदमी में बुधवार रात को बरात लेकर पिकअप वाहन आया था वही। गुरुवार सुबह लगभग 7ः00 बजे बरात से विदा होकर वापस घर जा रहा था इसी बीच लगभग 8ः00 बजे खोरमल जंगल में अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे चीख-पुकार मच गई। घायल बारातियों ने बताया कि वाहन चालक पिकअप को तेज रफ्तार से चला रहा था। इस दौरान ओड़गी-बेदमी मुख्य मार्ग के खोरलम जंगल के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि पलटने के बाद पेड़ से जा टक्कराई। पुलिस स्वास्थ्य विभाग व ग्रामीणों की मदद से घायलों को 108 संजीवनी वाहन से अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 17 लोगों को सुरजपुर रेफर कर दिया। ये लोग हुए घायलः इस हादसे में ग्राम पंचायत महुली निवासी देवीसरन आ.जितलाल उम्र 28 नरेश पंडो आ.शंकर 25 अशोक खैरवार आ.अधिराज 30 पवन खैरवार आ.रामदयाल 10 मोहन खैरवार 55 बालमुकुंद आ.बल्ली 45 राहुल आ.बालमुकुंद 12 रंगदेव आ.नान 50 गुलाब आ.अधिराज 55 सुखदेव आ.नान महेश कुमार 14 रमेश आ.जगनरायण 27 ग्राम मोहरसोप रामलल्लू 28 ग्राम करौटी (अ) रामजेठावन 35 वर्ष शामिल है।

### दुसरी घटना

मातम में बदलीं शादी की खुशियांः बारातियों से भरी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, 2 की मौत, 2 गंभीर

एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। दरअसल सूरजपुर जिले के बसदेई चौकी अंतर्गत एक गांव में बुधवार की रात बारात आई थी। दुल्हन की विदाई के बाद गुरुवार की सुबह 8 बाराती एक स्कॉर्पियो में भरकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 2 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां से 2 बारातियों की गंभीर हालत को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूरजपुर जिले के ग्राम कुरुवां से बुधवार की रात बसदेई चौकी क्षेत्र के ग्राम बंजा से लगे रजौलीपारा में बारात आई थी। गुरुवार की सुबह दुल्हन की विदाई हुई और बाराती अपने घरों के लिए निकल गए। स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 29 एसी 5069 में सवार होकर ग्राम कुरुवा निवासी सोनू 30 वर्ष व बिश्रामपुर के कुम्दा निवासी ऋषभ 27 वर्ष समेत 8 बाराती लौट रहे थे। स्कॉर्पियो काफी तेज रफ्तार में थी। स्कॉर्पियो ग्राम बंजा स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के सामने पहुंची ही थी कि तेज रफ्तार होने के कारण वह सडक़ छोड़ मैदान में कई बार पलट गई। इस दौरान वाहन का दरवाजा खुलने से कुछ लोग जमीन पर इधर-उधर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से सोनू व ऋषभ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 6 घायल हो गए।

### घयलों को पहुंचाया गया अस्पताल

हादसे के बाद वहां गांव वालों की भीड़ लग गई। उन्होंने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों व घायलों को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से 2 घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि 4 बारातियों का इलाज जारी है।

# प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जनपद ने फिर रचा इतिहास

अरविन्द कुमार यादव -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि राजभवन प्रागंण लखनऊ में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 द्वारा प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष 2022-23 में भी शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी 75 जनपदों से औद्यानिक (शाकभाजी एवं पुष्प) फसलों की उन्नतशील खेती एवं उत्पादन कर रहें हजारों प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदर्शनों के साथ प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। इस प्रदर्शनी में अपने जनपद श्रावस्ती में औद्यानिक फसलों की उन्नतशील एवं वैज्ञानिक विधियों से खेती एवं उत्पादन कर रहें आठ प्रगतिशील कृषकों ने अपने-अपने प्रदर्शनों के साथ प्रदर्शनी में हिस्सा लिया था। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया है कि आसिफ अजीज सिद्दीकी ने वर्ष 2016-17 में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्रावस्ती से 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर पॉलीहाउस का निर्माण कराया और बे मौसम औद्यानिक फसलों (सब्जियों एवं पुष्पों) की वैज्ञानिक विधियों से खेती कर इस वर्ष आयोजित शाकभाजी पुष्प प्रदर्शनी वर्ष 2022-23 में गोल बैंगन में प्रदेश में प्रथम स्थान जबकि सफेद जरबेरा पुष्प में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद वासियों एवं कृषकों का मान बढाया है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2021-22 में सिद्दीकी को रंगीन गोभी (पीली एवं बैगनी) के उत्पादन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

# कथा श्रवण से कट जाते है मनुष्यों के जन्मजनमांतर के पाप



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- अकराबाद - सेहौर गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा में तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य राहुल कृष्ण ने अपने श्रीमुख से श्री कृष्ण जन्म की वाल लीलाओं का सरस वर्णन किया। कहा कि कथा सुनने से मनुष्यों के जन्मजनमांतर के पाप धुल जाते है। कथा के दौरान श्रौता भाव विहोर नजर आये। इससे पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवि कुमार सूर्यवंशी ने कथा व्यास आचार्य राहुल कृष्ण का फूलमालाएं व पटका पहनाकर सम्मान किया इस अवसर पर पुलिस चौकी प्रभारी पनेठी अंशुल शर्मा, महेश उपाध्याय, कमल कुमार शर्मा, शिवाजी उपाध्याय, अरविंद पाठक, कैप्टन राजेश शर्मा, राकेश शर्मा, अंकुश सिंह, सुमित शर्मा, बिष्णु शर्मा, लवकुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार जिला ब्यूरो चीफ धीरज शर्मा, भव्य पाठक, अनील पुलकित उपाध्याय, देवेश गोड, अभिषेक शर्मा, अंशुल गोड आदि लोग मौजूद रहे।

# यह बजट किसान युवाओं एवं महिलाओं के हितों की पूर्ति करने वाला बजट है - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो बजट पास किया है ऐतिहासिक बजट है इस बजट में खास तौर पर किसानों विशेष ध्यान भाजपा पूर्व महानगर राकेश कुमार शिक्षा स्वास्थ्य युवाओं का रखा गया है किसान मोर्चा के अध्यक्ष ठाकुर सिंह ने यह भी कहा है कि बजट हर समाज की समस्याओं को पूरा करने वाला है इस बजट से पूरे क्षेत्र के किसान ने युवा एवं महिलाओं में खुशी है यह बजट ऐतिहासिक है ऐसा बजट विरोधी दलों की सरकारों में भी नहीं ऐसा बजट कभी पास नहीं हुआ किसान एवं युवाओं महिलाओं ने इस बजट की सराहना की है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इस बजट पास होने से विरोधी दलों के नेताओं के चेहरे पर पसीने छूट रहे हैं यह बजट विरोधी दलों के नेताओं को पच नहीं रहा है बहुत दमदार बजट पेश हुआ है सब के हितों की पूर्ति करने वाला बजट है किसान युवा सब समाजों का हित करने वाला बजट है उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश के माननीय वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी का क्षेत्र की जनता ने किसानों ने युवाओं ने आभार व्यक्त किया है

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गिलौला का आकस्मिक निरीक्षण



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गिलौला का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और डॉक्टर द्वारा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधा की भी जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने पंजीकरण काउंटर, इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0 मरीज पंजिका, औषधि भंडार, टेली-मेडिसिन केन्द, प्रयोगशाला, नेत्र परीक्षण कक्ष, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए जा रहे गोल्डेन कार्ड कक्ष, प्रसव कक्ष, आदि का निरीक्षण कर जानकारी ली, और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। औषधि भण्डार कक्ष का निरीक्षण के दौरान स्टॉक एवं वितरण का अंकन अपडेट न पाये जाने पर फार्मासिष्ट को चेतावनी देते हुए ढंग से कार्य करने की नसीहत दी गई है। उन्होने जिले के सभी अस्पतालों में तैनात चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक मरीज को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाएं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध करायी जाएं और मरीजों के साथ मधुर और बेहतर व्यवहार किया जाए। प्रसव कक्ष एवं जच्चा-बच्चा वार्ड में मरीजों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में तैनात चिकित्सक/पैरा मेडिकल कर्मचारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने तैनाती स्थल पर रहकर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान कर उन्हें स्वस्थ्य बनाये।